| प्रेस नोट–97 / 2026 |
| --- |
| दिनांक 14.02.2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. द्वारा की गई उच्चस्तरीय अपराध बैठक

- **विगत कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश में पुलिसिंग में व्यापक बदलाव आया है जिसके सभी पुलिस अधिकारी साक्षी हैं और पार्टनर भी।**
- **जनता की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जनपदों के कार्यों के मूल्यांकन में सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगा।**
- **आगामी समस्त त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराएँ।**
- **वित्तीय वर्ष में बजट का समयबद्ध एवं समुचित उपयोग करें।**
- **नए आपराधिक कानूनों का गंभीरता से अनुपालन कराते हुए विवेचना की गुणवत्ता सुनिश्चित करें।**

**(पुलिस महानिदेशक उ0प्र0)**

**श्री राजीव कृष्ण,** पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. द्वारा आज दिनांक 14.02.2026 को पुलिस मुख्यालय में समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस आयुक्त, क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, प्रभारी जनपद उ.प्र. के साथ ऑनलाइन अपराध बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्यतः तीन बिंदुओं - अगामी त्यौहार, बजट, विवेचना की गुणवत्ता एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों की गहन समीक्षा करते हुए विस्तारपूर्वक दिशा-निर्देश दिए गए।

### अपराध गोष्ठी के बिंदु-

### आगामी त्यौहारों से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश-

- महाशिवरात्रि के मद्देनज़र सभी प्रमुख मंदिरों/नदियों/घाटों पर पर्याप्त सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।
- होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए होलिका दहन स्थलों पर पूर्व से समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराएँ।
- रमजान माह प्रारंभ होने को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व से ही मस्जिदों के आस-पास के मार्गों एवं नमाज़ के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें।
- समस्त त्योहारों में विगत वर्षों में हुए विवादों की समीक्षा कर सभी संबंधित पक्षों से वार्ता कर उसका निस्तारण समय से सुनिश्चित करा लिया जाए।
- छोटी से छोटी सूचना पर भी तत्काल संज्ञान लेकर उसका समयबद्ध निस्तारण कराते हुए आवश्यकतानुसार निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।
- स्थानीय अभिसूचना इकाई व गोपनीय सूचना तंत्र को सक्रिय रखा जाए।
- सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्म पर भी सतर्क निगरानी की जाए।

**बजट से संबंधित निर्देश-**

- वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पुलिस विभाग के विभिन्न मदों में आवंटित बजट का समुचित एवं समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

**विवेचना की गुणवत्ता से संबंधित निर्देश-**

- नए आपराधिक कानूनों के प्राविधानों का पूर्णतः क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जाए।
- पुलिस महानिदेशक द्वारा कहा गया कि ई-साक्ष्य, नए आपराधिक कानूनों का अविभाज्य अंग है।
- CCTNS 2.0 एवं ICJS 2.0 के शीघ्र लॉन्च होने को दृष्टिगत रखते हुए समस्त तैयारियाँ पूर्ण कर ली जाएँ।
- ई-सम्मन व ई-साक्ष्य के प्रकरणों की पुलिस अधीक्षक व्यक्तिगत रूप से मॉनिटरिंग करते हुए उनमें अपेक्षित सुधार कराना सुनिश्चित करें।

**अन्य महत्वपूर्ण निर्देश-**

- प्रशिक्षणाधीन 60,000 आरक्षियों के कमिश्नरेट/जनपदों में आगमन को दृष्टिगत रखते हुए उनके व्यवस्थापन हेतु पुलिस लाइन/थानों में जहाँ भी बैरक/आवास के कार्य लंबित हैं उन्हें तत्काल पूर्ण करा लिया जाए।
- ज़ीरो फ़ैटलिटी डिस्ट्रिक्ट योजना को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाएँ।
- आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में उत्तरोत्तर सुधार परिलक्षित हुआ है। पुलिस महानिदेशक द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त जनपद आईजीआरएस के प्रकरणों में Disposal, Pendency और Compliance Rate में सुधार लाकर अपनी रैंकिंग में और सुधार लाएँ।

समीक्षा के अंत में पुलिस महानिदेशक द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त अधिकारी शासन की प्राथमिकताओं को दृष्टिगत रखते हुए पूर्ण मनोयोग एवं निष्ठा से कार्य करते हुए उच्च स्तरीय प्रदर्शन करें।

| |
|---|
| प्रेस नोट–98/2026 |
| दिनांक 14.02.2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद सहारनपुर/थाना नकुड़**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉक 13.02.2026 की रात्रि थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अम्बैहटा से गंगोह जाने वाले रास्ते पर ग्राम रामसहाय वाला गेट के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त साजिद घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना नानौता जनपद सहारनपुर पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद सहारनपुर, हरियाणा, उत्तराखण्ड के विभिन्न थानों पर लूट, सीएस एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के लगभग एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना नकुड़ पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–साजिद निवासी मोहल्ला कुरेशियान कस्बा व थाना गंगोह जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## कमिश्नरेट कानपुर नगर/अपराध शाखा

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनॉक 13.02.2026 को क्राइम ब्रान्च, साइबर सेल, सर्विलांस सेल व थाना रायपुरवा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त सुमित को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना रायपुरवा पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु कमिश्नरेट स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में कमिश्नरेट कानपुर नगर अपराध शाखा द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—सुमित निवासी देवनगर थाना रायपुरवा, कमिश्नरेट कानपुर नगर।

## जनपद सहारनपुर/थाना बडगांव

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 13.02.2026 को थाना बडगांव पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र में मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1—शकील घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2—शाहरूख सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शकील थाना बडगांव पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त शकील के विरूद्ध जनपद सहारनपुर के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, सीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के लगभग आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना बडगांव पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—शकील निवासी मोहल्ला रहमान कालोनी थाना देवबंद जनपद सहारनपुर।

2—शाहरूख निवासी मोहल्ला छोटा खानकाह थाना देवबंद जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी**

1—01 मोटर साइकिल।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

**जनपद कानपुर देहात/थाना भोगनीपुर**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **10 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर**
- **02 जीवित, 01 खोखा कारतूस विभिन्न बोर**
- **अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे**
- **02 मोबाइल फोन**
- **01 हजार रूपये नगद**
- **01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 14.02.2026 को थाना भोगनीपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर करियापुर गांव के पास कबूतरा डेरा खण्डहरनुमा मकान से 02 अभियुक्तों 1—अयोध्या 2—नमित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 10 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर, 02 जीवित, 01 खोखा कारतूस विभिन्न

बोर, अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे, 02 मोबाइल फोन, 01 हजार रूपये नगद, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–अयोध्या निवासी फिरोज नगर थाना अजीतमल जनपद औरैया।

2–नमित निवासी फिरोजनगर थाना अजीतमल जनपद औरैया।

**<u>बरामदगी</u>**

1–10 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर।

2–02 जीवित, 01 खोखा कारतूस विभिन्न बोर।

3–अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे।

4–02 मोबाइल फोन।

5–01 हजार रूपये नगद।

6–01 मोटर साइकिल आदि।

**<u>जनपद प्रतापगढ़/थाना मान्धाता</u>**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **06 अवैध शस्त्र बिभिन्न बोर, 02 मैगजीन**
- **08 जीवित कारतूस विभिन्न बोर**
- **02 मोबाइल फोन**
- **01 कार आदि बरामद**

दिनांक 14.02.2026 को थाना मान्धाता व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से 02 अभियुक्तों 1–मो0 शहबाज 2–अनिल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 06 अवैध शस्त्र बिभिन्न बोर, 02 मैगजीन, 08 जीवित कारतूस विभिन्न बोर, 02 मोबाइल फोन, 01 कार आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त मो0 शहबाज के विरूद्ध जनपद प्रतापगढ़, कमिश्नरेट प्रयागराज के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना मान्धाता पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मो0 शहबाज निवासी ग्राम ढेमा थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़।

2–अनिल निवासी ग्राम पुरे तोरई थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़।

**बरामदगी**

1–06 अवैध शस्त्र बिभिन्न बोर, 02 मैगजीन।

2–08 जीवित कारतूस विभिन्न बोर।

3–02 मोबाइल फोन।

4–01 कार आदि।

––––––